# रणजीत टाइम्स

वर्ष : 1, अंक: 101 इंदौर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

DIGITAL EDITION


## सिंगापुर टाउनशिप में रेलवे अंडरब्रिज पर

# ट्रैफिक जाम से

## हजारों रहवासी परेशान



### स्थायी समाधान के लिए मंत्री ने रेलवे अधिकारियों को दिए निर्देश

**रंजीत टाइम्स**

**इंदौर। सिंगापुर टाउनशिप स्थित रेलवे अंडरब्रिज पर रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से हजारों रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अंडरब्रिज से सिंगापुर टाउनशिप के अलावा आसपास की दर्जनों कॉलोनियों के लोग रोजाना आवागमन करते हैं।**

लेकिन अंडरब्रिज की संकरी सड़क और बढ़ते वाहन दबाव के चलते यहां रोजाना घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है। इस गंभीर समस्या को लेकर हाल ही में ग्राम पंचायत ढाबली की सरपंच अंतिमबाला यादव ने क्षेत्रीय विधायक और प्रदेश सरकार के मंत्री तुलसी सिलावट को पत्र लिखकर अवगत कराया था। सरपंच द्वारा उठाए गए इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए मंत्री सिलावट ने रेलवे रतलाम मंडल के डीआरएम को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। रेलवे अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि आगामी 15 दिनों में समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। इसके तहत मौजूदा अंडरब्रिज के पास ही एक और नया बोगदा (अंडरपास) बनाया जाएगा, जिससे यातायात का दबाव कम होगा और जाम की स्थिति से राहत मिलेगी।

मंत्री तुलसी सिलावट ने स्पष्ट किया है कि यदि तय समय सीमा में समाधान नहीं हुआ, तो वे स्वयं रेलवे मंत्री से मुलाकात कर इस समस्या का स्थायी हल सुनिश्चित करवाएंगे। उल्लेखनीय है कि मांगलिया क्षेत्र में ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जारी है, जिसके चलते सिंगापुर टाउनशिप की ओर वाहनों का दबाव काफी बढ़ गया है। निर्माण एजेंसी ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत भारी वाहनों को ग्राम खांकरोड़ होते हुए डकाचा मार्ग से निकालने के निर्देश दिए हैं, लेकिन यह भी ट्रैफिक को संभालने में नाकाफी साबित हो रहा है। स्थानीय रहवासी उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे, जिससे उन्हें रोजमर्रा की आवाजाही में राहत मिल सके।



## केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने खनियाधाना में हितग्राही सम्मेलन में लिया भाग

### करोड़ों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**दैनिक रणजीत टाइम्स- जगदीश पाल**

खनियाधाना (शिवपुरी) केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने खनियाधाना में हितग्राही सम्मेलन में भाग लिया और हितग्राहियों को लाभ वितरण किए। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि आज महावीर जयंती का अवसर है और महावीर स्वामी ने न केवल भारत की जनता बल्कि विश्व की जनता को मोक्ष का मार्ग दिखाया। हमें उनके आदर्शों से सीख लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मैं अपने क्षेत्र की जनता के लिए सदैव तत्पर खड़ा हूं और कठिन समय में सदैव मेरी जनता के साथ हूं। लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए जो पिछली बार जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जो भी आवेदन आए। पात्रतानुसार सभी का निराकरण किया गया है। एक-एक आवेदन मेरे लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण कार्यों की लगातार सौगात दी जा रही है। 5 करोड़ आवास बनाए जाएंगे कोई भी बिना आवास के ना रहे। 2030 तक सभी का अपना आवास हो, ऐसी संकल्पना है। प्रदेश में लाडली बहनों को प्रतिमाह 1250 रुपए प्रदान किया जा रहे हैं। सरकार ने आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक की स्वास्थ्य गारंटी प्रदान की है। पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए नल जल योजना लाई गई है। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। पिछोर में ही 13 विद्युत सब स्टेशन लगाए गए हैं। चंदेरी से पिछोर तक 415 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण किया जाएगा। यह सरकार की ओर से क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी सौगात है। कार्यक्रम में पिछोर विधायक प्रीतम लोधी ने भी संबोधित किया और क्षेत्र के लिए केंद्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा किए जा रहे प्रयास और विकास के लिए उनकी सराहना की।

### इन कार्यों का हुआ लोकार्पण - भूमि पूजन

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने लगभग 6 करोड़ 87 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। उन्होंने पिछोर में पीडब्ल्यूडी रोड से बिरौली आदिवासी बस्ती तक 111.34 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन किया। 50 लाख की लागत से तैयार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इसी प्रकार खनियाधाना में 25-25 लाख की लागत से ग्राम गुडर, पिपरई, नयागांव, गूगरी, कमालपुर, सूजवाहा, कालीपहाड़ी, झालौनी, पीपलखेड़ा, गलौदरा, पिपरा के लिए सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया।

# हनुमान जन्मोत्सव पर पेटलावद में भव्य आयोजन



**झाबुआ : उत्सव सोनी**

अखिल भारत हिंदू महासभा, बाल बजरंग दल और मारुति नंदन मित्र मंडल के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 12 अप्रैल 2025 को पेटलावद में भव्य भगवा यात्रा निकाली जाएगी।

## बाबा रंजीत हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र

भगवा यात्रा में बाबा रंजीत हनुमान इंदौर से पधारेंगे, जिनकी झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा बाहुबली हनुमान जी भी यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा में मान गए उस्ताद नासिक ढोल और जनता बैंड रायपुरिया भी शामिल होंगे।

## यात्रा का विवरण

यात्रा बालाजी पैलेस बामनिया रोड से शाम 5 बजे प्रारंभ होगी और रात्रि 9:00 बजे माधव कॉलोनी शंकर मंदिर पर यात्रा का समापन होगा। समापन पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ, महाआरती और महाप्रसादी वितरण की जाएगी।




# दबंग टीआई ममता कांबले नजर आएंगी बॉलीवुड फिल्म 'बिहू अटैक' में

**राजेश धाकड़**

इंदौर। शहर की जानी-मानी पुलिस अधिकारी टीआई ममता कांबले अब बड़े पर्दे पर भी अपना दम दिखाएंगी। वह जल्द ही बॉलीवुड फिल्म 'बिहू अटैक' में नजर आएंगी, जिसमें वह एक दबंग पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा रही हैं। टीआई कांबले ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि, "बॉलीवुड अभिनेता और निर्माता देव मेनारिया हमारे पुराने जानकार हैं। इससे पहले भी उन्होंने अपनी वेब सीरीज के लिए मुझे ऑफर दिया था, लेकिन पारिवारिक और अन्य जिम्मेदारियों के चलते मैं उस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बन सकी।"

उन्होंने आगे बताया, "एक दिन देव मेनारिया जी का कॉल आया और उन्होंने कहा कि मेरी फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है, क्या आप इसमें एक रोल करेंगी? जब उन्होंने 'बिहू अटैक' की कहानी सुनाई तो मुझे यह बहुत पसंद आई। यह फिल्म भारतीय सेना और पुलिस प्रशासन पर आधारित है और इसमें समाज के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है।" टीआई कांबले ने बताया कि देव मेनारिया ने उन्हें एक दमदार पुलिस ऑफिसर की भूमिका दी है, जिसे उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के स्वीकार कर लिया। इस फिल्म में देव मेनारिया के साथ अरबाज खान, राहुल देव और डेजी शाह जैसे बड़े कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी बिहू फेस्टिवल के दौरान पाकिस्तान की आतंकवादी टीम द्वारा किए जाने वाले हमले और उसे नाकाम करने में आईबी और पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई पर आधारित है। टीआई कांबले ने कहा, "मुझे बहुत खुशी है कि मैं भारतीय सेना पर बनी इस फिल्म का हिस्सा हूं।" 'बिहू अटैक' का निर्माण पीकेएस फिल्म के बैनर तले हो रहा है। फिल्म के निर्माता देव मेनारिया और प्रबीर साहा हैं। यह फिल्म देशभर में दशहरे के मौके पर रिलीज की जाएगी। टीआई ममता कांबले ने यह भी कहा कि देव मेनारिया समाजिक संदेश देने वाली फिल्में बनाते हैं और वह भविष्य में भी उनके साथ काम करना चाहेंगी।






# कनाडिया पुलिस ने युवक को अवैध पिस्टल के साथ किया गिरफ्तार

**रंजीत टाइम्स**

इंदौर। शहर में अवैध हथियारों की बढ़ती खरीद-फरोख्त पर लगाम लगाने के लिए इंदौर पुलिस लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह द्वारा ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त, जोन-2, श्री अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री अमरेन्द्र सिंह तथा सहायक पुलिस आयुक्त, खजराना श्री कुंदन मंडलोई के नेतृत्व में एक विशेष कार्ययोजना तैयार की गई। उक्त कार्ययोजना के अंतर्गत थाना कनाडिया पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए एक नवयुवक को अवैध देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अभय सोलंकी (उम्र 18 वर्ष), निवासी



सुहाग होटल के पास, ग्राम कनाडिया, इंदौर के रूप में हुई है।

दिनांक 07 अप्रैल 2025 को कनाडिया पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक दुबला-पतला युवक एकायना स्कूल के सामने स्थित वाइन शॉप के पास से स्कूल के पीछे की ओर पैदल जा रहा है, जिसकी कमर में पिस्टल रखी हुई है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और तत्पश्चात थाना कनाडिया की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर युवक भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन टीम द्वारा घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पैंट की कमर से एक देशी पिस्टल बरामद की गई, जिसमें मैगजीन तो थी, लेकिन कारतूस नहीं मिले। युवक के पास हथियार का कोई लाइसेंस नहीं पाया गया। पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी के विरुद्ध थाना कनाडिया में अपराध क्रमांक 179/25, धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सहर्ष यादव, स.उ.नि. मुकामसिंह डाबर, प्रधान आरक्षक अनिल ओझा, आरक्षक हरिश जाट, सोनु गुर्जर, रामकुमार जाटव एवं रवि शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# 30 साल से जिला पंचायत में नियम विरुद्ध पद पाकर नौकरी कर रहा लेखाधिकारी

ऋषि गोस्वामी शिवपुरी

**»» जांच में नियम विरुद्ध पद का खुलासा, 13 साल बाद भी नही हुई लेखाधिकारी पर कोई कार्यवाही**

**»» एसडीएम व जिला कोषालय अधिकारी ने 13 साल पहले ही जांच कर किया था खुलासा**



शिवपुरी। जिला पंचायत शिवपुरी में एक फर्जी तरीके से नियम विरुद्ध पदोन्नति व नियुक्ति पाने का मामला सामने आया है जो जिला पंचायत के अधिकारियो के साथ वर्षो से अपनी नौकरी बडी शान शौकत से कर रहे है खास बात यह है कि जिला पंचायत में कई सीईओ आए और कई चले भी गए लेकिन इसके बाद भी उन्हे एक वरिष्ठ पद लेखा अधिकारी के पद पर पदस्थ अधिकारी की फर्जी नियम विरुद्ध नियुक्ती नजर नही आई और वर्षो विभाग में काम करने के बाद भी उक्त लेखा अधिकारी के खिलाफ किसी भी अधिकारी ने कार्यवाही करने की हिम्मद भी नही की। दरअसल जिला पंचायत शिवपुरी में वर्तमान में लेखा अधिकारी के पद पर पदस्थ हेंमत भार्गव ने नियम विरुद्ध फर्जी तरीके से पहले लेखापाल और अब लेखाअधिकारी के पद पर पदोन्नति कर उच्च पद हासिल किया है। दिनांक 02.08.2011 के समय तत्काली कलेक्टर ने हेमन्त भार्गव की नियुक्ती के संबंध में जिला कोषालय अधिकारी के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से जांच कराई उक्त जांच प्रतिवेदन में कई तरह की खामियां पाई गई।

## पदो से संबंधित निर्धारित

प्रशिक्षण के बिना पद हासिल किए उक्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार हेमन्त भार्गय जो दिनाक 26.05.1989 से दैनिक बेतन भोगी कर्मचारी थे जिन्हे जिला ग्रामीण विकास प्रभिकरण ने परियोजना अधिकारी डी.आर.डी.ए. के द्वारा कलेक्टर के अनुमोदन आदेश से दिनाक 23.02.1994 से लेखापाल के पद पर नियुक्त किया गया है। लेखापाल पद पर नियुक्ति दिनाक 23.04.1994 को अनुमोदन हेतु विकास आयुक्त पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल को भेजा गया था किन्तु उक्त आदेश का औपचारिक अनुमोदन जांच टीम को फाइल में नही मिला। खास बात यह है कि भार्गव लेखापाल के रुप में स्थायी कर्मचारी भी नही है क्योकि लेखापाल के पद पर स्थायीकरण के आदेश भी जांच टीम को फाईल मे संलग्न नही मिले। लेकिन फिर भी उन्हे लेखाअधिकारी के पद पर पदोन्नति दी गई जो कि समझ से परे है। जांच में पाया गया कि हेमंत भार्गव ने न तो लेखापाल के रुप में और न ही लेखाधिकारी के रुप में और न अकाउण्ट के रुप में कोई निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त किया है परीक्षा उत्तीर्ण से संबंधी कोई रिकार्ड जांच टीम को फाईल में संलग्न नही मिला। हेमन्त भार्गव ने सीधे नियुक्ति परियोजना अधिकारी डी.आर.डी.ए. द्वारा नोट शीट पर कलेक्टर से आदेश लेकर प्राप्त की है उस समय चयन हेतु निर्धारित क्या प्रक्रिया थी इसका उल्लेख नही किया गया इतना ही नही विज्ञाप्ति आदि जारी करना भी उल्लेख नही किया गया था। हेमन्त भार्गव को सीधे लेखापाल से लेखाधिकारी बनाया गया है परन्तु लेखापाल के पद का तथा लेखाधिकारी के पद पर पदोन्नति के पहले या बाद में प्रशिक्षण नही लिया गया। भार्गव को लेखापाल से लेखाधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु गठित समिति की अनुशंसा के आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवपुरी के आदेश दिनांक 01.2008 के द्वारा हेमंत भार्गव को लेखाधिकारी के पद पर पदोन्नति दी गई है किन्तु भार्गव को क्रमोन्नति पदोन्नति एंव समयमान वेतनमान का लाभ भी एक साथ दिया गया जो कि नियम अनुसार नहीं दिया जा सकता है।

## बिना अनुमोदन आदेश के पाई नौकरी

जिला कोषालय अधिकारी शिवपुरी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवपुरी के जावक प्रतिवेदन तथा अभिलेख के अनुसार - जिला पंचायत डी.आर.डी.ए. शिवपुरी की नोटशीट दिनाक 23.02.1994 में तत्काली कलेक्टर ने इस नियुक्ति के संबंध में विकास आयुक्त से अनुमोदन लेने हेतु आदेशित किया गया था लेकिन इस आदेश का अनुमोदन विकास आयुक्त से प्राप्त नही किया गया था।

## नियम विरुद्ध बिना प्रावधान के हुए नियमित

ग्रामीण विकास अभिकरण जिला शिवपुरी के आदेग कमांक क्यू/स्था./2766 दिनाक 03.06.89 द्वारा हेमंत भार्गव की नियुक्ति दैनिक वेतन भोगी के रुप में कलेक्टर दर पर मासिक दर पर रुपये 705- मासिक पर दो माह के लिये लेखापाल के लबित कार्य का निपटान हेतु की गई, जिसे बाद में 89-89 दिवस के लिये नियुक्ति की जाती रही है। मध्य प्रदेश वेतन भोगी (चार्ज) व अकस्मिकता निधि नियमों 2-क के नियम व म.प्र. शासन वित्त विभाग के वा 6/8,79/ नि-2/4 दिनांक 18.12.1979 के अनुसार 89-89 दिवस पर नियुक्त कर्मियों के लिये अकस्मिकता निधि अंतर्गत नियमित करने का कोई प्रावधान ही नही है।

## जांच में पाया पद नियम अनुसार नही

जिला कोषालय अधिकारी एंव अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवपुरी की जांच में समस्त दस्तावेजो का परिक्षण व अवलोकन करने पर पाया गया कि हेमन्त भार्गव का लेखापाल से लेखाधिकारी तक चयन व पदोन्नति के नियम प्रक्रिया के विरुद्ध होकर नियमानुसार नही है इस जिला पंचायत में भागर्व के विरुद्ध विभिन्न शिकायत प्राप्त हो रही है तथा जन शिकायत निवारण विभाग भोपाल से भी शिकायते प्राप्त हो रही है ऐसे स्थिति में इस प्रकरण पर शासन स्तर से समुचित रुप से निराकरण किया जाना उचित होगा।

## आपने कहा

हेमन्त भार्गव के पद का क्या मामला है अगर नियम विरुद्ध है तो आप मुझे ऑफिस आकर पूरा मामला बताए कलेक्टर सहाब के यहा भी उनकी शिकायत हुई है।

**हिमांशु जैन सीईओ जिला पंचायत**

---

शोकाकुल परिवारों से मिलने पहुंचे केंद्रीय मंत्री सिंधिया

# खनियाधाना (शिवपुरी )केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शिवपुरी जिले के भ्रमण पर

**रंजीत टाइम्स**

इस दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों में भाग लिया। गुरुवार को पिछोर खनियाधाना क्षेत्र का भ्रमण किया। ग्राम वीरा और रजावन पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। कुछ दिन पहले एक सड़क दुर्घटना में ग्राम वीरा के तीन युवाओं की मृत्यु हो गई, उनके परिजनों से



मिलकर ढाढस बंधाया और कहा कि यह परिवार के लिए अत्यंत कठिन समय है। शासन प्रशासन आपके साथ है। हम परिवारजनों की सहायता के लिए सदैव तत्पर हैं। इसके बाद खनियाधाना के ग्राम रजावन पहुंचकर नाव के डूबने से हुई घटना में मृतक 7 लोगों के परिजनों से मुलाकात की और अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। ग्रामीणों से इस घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

# ED-IT को बताया भाजपा का हथियार, जीतू पटवारी बोले - ''गूगल भी कहेगा, सबसे भ्रष्ट पार्टी है बीजेपी''

**खंडवा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने खंडवा में एक सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की जांच एजेंसियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में ईडी और इनकम टैक्स जैसी एजेंसियां अब निष्पक्ष नहीं रहीं, बल्कि वे केवल भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं। पटवारी ने कहा कि अब तक ईडी ने चार हजार से अधिक कार्रवाइयां की हैं, लेकिन इनमें से केवल दो मामलों में ही नतीजा निकला है, बाकी 3898 मामलों में कुछ भी साबित नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि इन सारी कार्रवाइयों का मकसद सिर्फ विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाना है। जीतू पटवारी ने सवाल उठाते हुए कहा कि चार हजार कार्रवाइयों में से एक भी भाजपा नेता पर ईडी ने हाथ नहीं डाला है। उन्होंने कहा, ÷देश देख रहा है कि ईडी किस तरह से कार्रवाई कर रही है। भाजपा के नेताओं और मंत्रियों में लूट मची हुई है, लेकिन ईडी की नजर सिर्फ विपक्ष पर ही रहती है।÷ पटवारी ने सौरभ शर्मा का हवाला देते हुए कहा कि 500 करोड़ रुपये का जखीरा सामने आया, लेकिन किसी को यह दिखाई नहीं दिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब देखना होगा कि सीबीआई,



ईडी और इनकम टैक्स विभाग इस मामले में क्या करते हैं या फिर हमेशा की तरह चुप्पी साध लेंगे। अपने संबोधन में जीतू पटवारी ने बीजेपी को देश की सबसे भ्रष्ट पार्टी करार देते हुए कहा, ÷अगर आप गूगल पर सर्च करेंगे कि देश की सबसे भ्रष्ट पार्टी कौन सी है, तो सबसे ऊपर बीजेपी का नाम आएगा। यहां तक कि गूगल का एआई भी यही कहेगा।÷ उन्होंने यह भी कहा कि यह जरूरी नहीं कि कोई नागरिक कांग्रेस का हो, भाजपा का हो या संघ से जुड़ा हो, लेकिन अगर वह देशभक्त है, तो उसे सही को सही और गलत को गलत कहने का साहस दिखाना ही होगा। पटवारी के इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है और चुनावी माहौल में तीखी बहस को और तेज कर दिया है।

## गौशाला में मौतें और मूक पशुओं की पीड़ा: राजधानी में बदइंतजामी पर गरमाई सियासत

**भोपाल।** राजधानी की अरवलिया गौशाला में भारी लापरवाही सामने आई है। नगर निगम की देखरेख में संचालित इस गौशाला में एक दर्जन से अधिक गायों की मौत हो चुकी है, जबकि कई की हालत बेहद खराब है। बुधवार को जब विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता वहां पहुंचे, तो गौशाला की बदहाल स्थिति देखकर हंगामा खड़ा हो गया। न तो गौशाला में चारे की समुचित व्यवस्था थी, न ही पानी का कोई इंतजाम। गायों की देखरेख से संबंधित रजिस्टर भी अपडेट नहीं पाए गए। गायों की मौत के बाद सियासत भी गरमा गई है। कांग्रेस और हिंदू संगठनों ने नगर निगम और भाजपा शासित प्रशासन पर तीखे सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने कहा कि ÷गाय को माता कहा जाता है, लेकिन मध्यप्रदेश आज गौ तस्करी और गौशालाओं की बदहाली के लिए बदनाम हो गया है। 90 प्रतिशत गौशालाएं या तो बंद हो चुकी हैं या सिर्फ नाम मात्र की हैं। चारे के नाम पर घोटाला हो रहा है और गायों को मरने के लिए छोड़ दिया गया है।÷ वहीं संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने दोषियों पर रासुका के तहत कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि ÷गाय माता को ठूंसकर रखा जा रहा है, न चारा मिल रहा है, न पानी। यह सिर्फ लापरवाही नहीं, अपराध है।÷

इस बीच भोपाल की महापौर मालती राय ने मामले से किनारा करते हुए कहा कि अधिकारियों ने उन्हें सूचित किया था कि गायें बीमार थीं, इसी कारण उनकी मौत हुई। जब उनसे पूछा गया कि क्या गायों को पर्याप्त खाना और पानी नहीं दिया जा रहा था, तो उन्होंने कहा कि ÷अधिकारियों से बातचीत कर इस मामले में निष्कर्ष निकाला जाएगा।÷ गौशाला की दुर्दशा देखकर मौके पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि नगर निगम सिर्फ कागजों में व्यवस्थाएं दिखा रहा है, जबकि ज़मीनी हकीकत बेहद भयावह है।

## दर्दनाक हादसा: जंगल के रास्ते में पलटा ट्रैक्टर, पति-पत्नी की मौत, 6 महीने की बच्ची बची

**डिंडौरी।** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के दुनिया बगाड़ गांव में बुधवार की रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के पलटने से पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह महीने की मासूम बच्ची चमत्कारिक रूप से बच गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार रानूबाई नामक महिला अपनी छोटी बच्ची के साथ राम गुड़ा गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। रात में उनके पति मोहन दास उन्हें लेने ट्रैक्टर से पहुंचे। वापसी के दौरान जंगल के रास्ते में ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि मोहन दास और उनकी पत्नी रानूबाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के समय ट्रैक्टर पर साथ मौजूद छह महीने की बच्ची सुरक्षित बच गई। उसकी रोने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्ची को मलबे से बाहर निकालकर परिजनों को सौंपा। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। इसी गांव में एक और दर्दनाक घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। एक अन्य महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन इस घटना से स्तब्ध हैं और आत्महत्या के कारणों को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ सकी है। शाहपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## जैव विविधता प्रबंधन समिति अध्यक्ष के खुलासे के बाद सरकार पर भड़के उमंग सिंघार, बोले- ''वन विभाग या वन विनाश विभाग?''



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर बड़ा हमला किया है, उन्होंने भोपाल में आयोजित हुई जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक में हुए खुलासे के बाद सरकार से सवाल किया है कि मध्य प्रदेश में वन विभाग है या वन विनाश विभाग?

दर असल तीन साल पहले गठित जैव विविधता प्रबंधन समिति की पहली बैठक भोपाल में आयोजित की गई इसमें समिति के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर ने कहा कि जंगल माफिया लगातार जंगल काट रहा है, रात में जंगल कटता है और तड़के लकड़ी से भरी गाड़िया बाहर निकल जाती है ये सब माफिया और वन विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ से हो रहा है। बैठक में विनय मेहर ने जो कहा और वो जैसे ही बाहर आया कांग्रेस ने भाजपा सरकार को निशाने पर ले लिया, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ङ्ग पर सरकार को घेरते हुए लिखा- ÷वन विभाग या वन विनाश विभाग?÷ भोपाल में जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक में बड़ा खुलासा हुआ है। जिसमें वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से जंगल माफिया धड़ल्ले से जंगल काट रहे हैं। रातों-रात पेड़ काटे जाते हैं और सुबह-सुबह लकड़ी से भरी गाड़ियाँ गायब हो जाती हैं।

### भाजपा की सरकार में 'हरित भारत' का नारा सिर्फ दिखावा

समिति के अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर ने आरोप लगाया कि उनके पास सबूत हैं कि किस तरह जंगलों को पठारों में बदला जा रहा है।लेकिन सरकार चुप है, विभाग निष्क्रिय है। जिन अफसरों पर जंगलों की रक्षा का जिम्मा है, वही माफिया के साथ मिले हुए हैं। भाजपा की सरकार में 'हरित भारत' का नारा सिर्फ दिखावा बनकर रह गया है।

### जंगल माफिया पर कार्रवाई कब होगी?

सिंघार ने आगे लिखा- चौंकाने वाली बात ये है कि जैव विविधता समिति 3 साल पहले बनाई गई थी, लेकिन उसकी पहली बैठक अब हुई,वो भी बिना किसी बजट के। क्या ये सिर्फ जनता को भ्रमित करने के लिए बनाई गई थी? भाजपा सरकार जवाब दे, जंगल माफिया पर कार्रवाई कब होगी? दोषी अफसरों को कब हटाया जाएगा? क्या पर्यावरण संरक्षण सिर्फ जुमला है?

### बीजेपी के 'विकास' का मतलब है जंगलों का सफाया

कांग्रेस नेता ने लिखा- पेड़ों के बिना प्रकृति नहीं बचेगी। लेकिन बीजेपी के 'विकास' का मतलब है जंगलों का सफाया, माफियाओं की मौज और अफसरों की जेब गर्म करना है। पेड़ ही हमारी आगे की पीढ़ी का भविष्य बचा सकते हैं, पेड़ों की कटाई कर सिर्फ आने वाले भविष्य का नाश हो रहा है।

## वक्फ बिल के खिलाफ भोपाल में विरोध की गूंज, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने किया धरना प्रदर्शन

**भोपाल।** वक्फ बिल में किए गए संशोधनों के विरोध में गुरुवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के नेतृत्व में बड़ा प्रदर्शन हुआ। बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग सेंट्रल लाइब्रेरी परिसर में एकत्र हुए। सभी प्रदर्शनकारी काले कपड़े पहनकर शांतिपूर्ण धरने पर बैठे और सरकार से बिल को वापस लेने की मांग की। दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक चला यह धरना पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। प्रदर्शन के दौरान न तो कोई रैली निकाली गई और न ही झंडा या बैनर लगाने की अनुमति दी गई थी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नए वक्फ बिल से समाज के अधिकारों का हनन हो रहा है और इससे कई लोग प्रभावित होंगे, जिनकी रोज़ी-रोटी वक्फ की संपत्तियों से जुड़ी हुई है। वहीं इस प्रदर्शन को लेकर सियासत भी गरमा गई है। मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विश्वास सारंग ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो लोग वक्फ की ज़मीनों पर दुकानें चला रहे हैं और अवैध तरीके से कब्जा जमाए बैठे हैं, वही अब नए कानून से डरकर लोगों को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब और हकदारों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वक्फ की ज़मीनों पर सालों से कुछ लोग कब्जा जमाकर दुकान और शोरूम चला रहे हैं, अब जब सरकार ने सख्ती दिखाई है तो यही लोग विरोध कर रहे हैं। शर्मा ने आरोप लगाया कि यह लोग भोले-भाले मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे विरोध अब कानून का उल्लंघन बन सकते हैं और इसमें शामिल लोग कानूनी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि संसद से पारित बिल पर जब राष्ट्रपति के हस्ताक्षर हो गए, तब इन लोगों ने विरोध शुरू किया। उन्होंने दावा किया कि इस कानून से फायदा गरीब और ज़रूरतमंद मुसलमानों को मिलेगा, न कि उन लोगों को जो वक्फ की संपत्तियों से अनुचित लाभ उठा रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने राज्य की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है और आने वाले दिनों में वक्फ बिल को लेकर विरोध और समर्थन की आवाजें और तेज हो सकती हैं।

# दिल्ली के सीआर पार्क में पुलिस तैनात, वायरल वीडियो पर ऐक्शन

**भाजपा ने की यह डिमांड**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के चित्तरंजन पार्क में मांस और मछली विक्रेताओं को धमकाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। आम आदमी पार्टी और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने जहां भाजपा पर इसका इल्जाम लगाया है। वहीं पार्टी ने आरोपों से इनकार करते हुए दोनों की गिरफ्तारी की मांग की है। पार्टी ने वीडियो को एडिटेड भी बताया है। इसी बीच पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा सादी वर्दी में बाजार के अंदर पुलिसवालों की तैनाती की गई है। कुछ विक्रेताओं से बात की, जिन्होंने दावा किया कि करीब 15 दिन पहले दो लोगों का उनमें से कुछ के साथ मौखिक झगड़ा हुआ था। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह बाजार काली मंदिर से पहले का है और दुकानदार उन लोगों में से हैं जिन्होंने मंदिर निर्माण के लिए पैसे का भी योगदान दिया था। सीआर पार्क में मार्केट नंबर 1 को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा विकसित किया गया था और इसे नगर निगम



द्वारा रेगुलेट किया जाता है। मछली दुकान के मालिक दिब्येंदु दास ने कहा, मेरे पिता ने 1984 में यह दुकान खोली थी और तब से हमें अपनी दुकानें चलाने में कोई परेशानी नहीं हुई। लेकिन इन दो लोगों ने दावा करना शुरू कर दिया कि हम मंदिर के बगल में मछली बेचकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं, जो सच नहीं है - मछली बंगाली संस्कृति का अभिन्न अंग है। विक्रेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि उन लोगों ने उनसे अपनी दुकानें दूसरी जगह ले जाने को कहा है। एक अन्य मछली दुकान के मालिक जॉय दीप दास ने कहा, इन लोगों ने कहा कि अगर तुम अपनी दुकानें यहां से नहीं हटाओगे, तो हम 100 लोगों को बुलाएंगे और बाजार के सामने हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके पास सभी अधिकारियों से आवश्यक प्रमाण पत्र हैं और उन्हें पहले कभी इस तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। काली मंदिर के पुजारी संजीव भट्टाचार्य ने भी धमकियों पर हैरानी जताई है। मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें भगवा कुर्ता पहने दो लोग कथित तौर पर मछली और मांस विक्रेताओं से सवाल कर रहे थे और उन्हें धमकी दे रहे थे। पुलिस ने कहा कि वीडियो पुराना है। हम वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करते।

इसके बाद मंगलवार रात से ही दिल्ली पुलिस ने बाजार के पास कर्मियों को तैनात कर दिया है। बुधवार को सादे कपड़ों में कम से कम तीन-चार पुलिसकर्मी तैनात देखे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हम आरोपियों की पहचान करने की प्रक्रिया में हैं। मामले की जांच चल रही है। वहीं, डीसीपी (दक्षिण) अंकित चौहान ने कहा कि अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है क्योंकि पुलिस को अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है।

# दिल्ली के दो लड़कों ने ऐसा लगाया दिमाग, उबर से हर दिन ठग लेते थे 40-50 हजार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा सेक्टर ईकोटेक-1 पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस के जरिए कैब कंपनी की आईडी बनाकर ट्रैक्सी बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी उबर कंपनी को हर दिन 40-50 हजार रुपये का चूना लगा देते थे।

ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि सेक्टर ईकोटेक-1 पुलिस की टीम ने मंगलवार की रात घरबरा अंडरपास से चेकिंग के दौरान कार में सवार दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान मोहम्मद उमेर निवासी सुंदर नगरी दिल्ली और मुजफ्फर जमाल निवासी भजनपुरा दिल्ली के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी उबर टैक्सी कंपनी के साथ धोखाधड़ी करने वाले गिरोह से जुड़े हैं। वे फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस के जरिए उबर कंपनी की आईडी बनाकर धोखाधड़ी करते थे।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 21 मोबाइल, 500 फर्जी आधार कार्ड की फोटो कॉपी, एक पिट्ठू बैग, एक छोटा प्रिंटर, एक कार समेत अन्य सामान बरामद किया है। पूछताछ में पता चला है कि गिरोह में और भी कई लोग शामिल हैं। पुलिस गिरोह के सरगना और अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। आरोपी ऑनलाइन ऐप की मदद से एडिट करके कई फर्जी आधार कार्ड और ड्राइवर लाइसेंस तैयार करते थे। आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस पर गूगल लेंस की मदद से फोटो बदल दी जाती थी। वे एक आधार कार्ड में बदलाव कर 10 से अधिक आईडी तैयार कर लेते थे। ऐप के जरिए आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस में नाम, पता और फोटो बदलकर प्रिंटर से इसकी फोटो कॉपी निकाल लेते थे। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में मुजफ्फर 12वीं पास है, जबकि उमेर दसवीं पास है। यह दोनों कम पढ़े लिखे होने के बावजूद नामी कंपनी को नुकसान पहुंचा रहे थे। दोनों आरोपी फर्जीवाड़ा कर कंपनी को रोजाना 40 से 50 हजार रुपये का नुकसान पहुंचा रहे थे। वे पिछले एक माह से इस तरह का फर्जीवाड़ा कर रहे थे।

# रामदेव के बयान से विवाद, पैसों से मदरसों-मस्जिदों के निर्माण का दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मशहूर योग गुरु बाबा रामदेव एक बार फिर से विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो में बाबा रामदेव ने शरबत जिहाद शब्द का इस्तेमाल किया, जिसके बाद लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। रामदेव अपने इस वायरल वीडियो में पतंजलि शरबत का प्रचार करते हुए दावा करते हैं कि एक शरबत बेचने वाली कंपनी अपनी कमाई के एक हिस्से का इस्तेमाल मस्जिद और मदरसे बनाने में करती है। पतंजलि प्रोडक्ट्स के नामक हैंडल से फेसबुक पर पोस्ट किए गए इस वीडियो के कैप्शन में हिंदी में लिखा हुआ है कि शरबत जिहाद के नाम पर बेचे जा रहे टॉयलेट क्लीनर और कोल्ड ड्रिंक के जहर से अपने परिवार और मासूम बच्चों को बचाएं। घर में केवल पतंजलि का शरबत और जूस ही लाएं।

इस वीडियो में बाबा रामदेव सॉफ्ट ड्रिंक की आलोचना करते हुए नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि ये टॉयलेट क्लीनर की तरह हैं, जिसे गर्मी में प्यास बुझाने के नाम पर पिया जाता है। रामदेव इन सॉफ्ट ड्रिंक्स को भारतीयों की सेहत पर हमला बताते हुए इसकी तुलना जहर से करते हैं। वीडियो में रामदेव कहते हैं.गर्मियों में प्यास बुझाने के नाम पर लोग ठंडे पेय पदार्थ पीते हैं जो असल में टॉयलेट क्लीनर हैं। एक तरफ टॉयलेट क्लीनर जैसे जहर का हमला है और दूसरी तरफ शरबत बेचने वाली एक कंपनी है जो इससे होने वाली कमाई का इस्तेमाल मस्जिद और मदरसे बनाने में करती है। यह ठीक है, यह उनका धर्म है।

रामदेव ने आगे दावा किया कि जाहिर तौर पर अगर आप उस कंपनी का शरबत पीते हैं तो यह मस्जिद और मदरसों के लिए धन जुटाने में मदद मिलती है। उन्होंने दावा किया कि अगर आप पतंजलि के शरबत का चयन करते हैं तो इससे गुरुकुलों, आचार्यकुलों, पतंजलि विश्वविद्यालयों और भारतीय शिक्षा बोर्ड को मदद मिलती है।

# दिल्ली में दिन के बाद तपने लगीं रातें, बदलेगा मौसम; आंधी के साथ बारिश दिलाएगी राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लू के साथ ही अब गर्म रातों से दिल्ली के लोग बेहाल हैं। मंगलवार की रात दिल्ली के ज्यादातर मौसम केन्द्रों में तपिश भरी रात (वॉर्म नाइट) की स्थिति बनी रही। दिल्ली के लोगों को अप्रैल माह में ही लू के थपेड़ों ने मुसीबत में डाल दिया है। ज्यादातर हिस्सों में बुधवार सुबह से ही तेज धूप निकली। इसके चलते दिन के 11 बजे के बाद ही लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल होने लगा। दिनभर खुले में काम करने वाले और दोपहिया वाहन चलाने वालों को गर्म हवा के चलते भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली में अभी तक दिन के समय भले ही तेज धूप के चलते लोगों को लू का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन आसमान साफ रहने के चलते रात के समय मौसम अपेक्षाकृत शीतल था। अब रात में भी तपिश भरी हवाओं का असर देखने को मिल रहा है।

दिन और रात की गर्मी के लिए मौसम विभाग ने अलग-अलग तकनीकी शब्द दिए हैं। दिन की गर्मी यानी अधिकतम तापमान में इजाफे को लू यानी हीट वेव से व्याख्यायित किया जाता है। न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी को वार्म नाइड से व्याख्यायित किया जाता है। अधिकतम तापमान अगर 40 डिग्री से ऊपर है और न्यूनतम तापमान



सामान्य से साढ़े चार डिग्री से ज्यादा ऊपर है तो उसे वॉर्म नाइट की स्थिति कहा जाता है। वहीं, अधिकतम तापमान अगर 40 डिग्री से ऊपर है और न्यूनतम तापमान साढ़े छह डिग्री से ऊपर है तो उसे वेरी वॉर्म नाइट की स्थिति कहा जाता है।

राजधानी में बुधवार को लू की स्थिति का दायरा बढ़ा है। मंगलवार को दिल्ली के दो मौसम केन्द्रों में लू की स्थिति बनी थी, लेकिन बुधवार को सफदरजंग, पालम, रिज और आयानगर यानी चार मौसम केन्द्रों में लू की स्थिति रही। यहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। दिल्ली के सफदरजंग मौसम केंद्र में यह लगातार तीसरा दिन है जब अधिकतम तापमान 40 से ऊपर है और लू की स्थिति बनी हुई है। राहत की खबर यह है कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले दो दिनों में बीच-बीच में अंधड़ की स्थिति बनने के आसार हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार और शुक्रवार को हल्के बादलों की आवाजाही रहेगी। बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाएं चलेंगी। बीच-बीच में यह हवाएं 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार भी पकड़ सकती हैं। इससे तापमान में दो से तीन डिग्री तक की कमी आने की संभावना है।

# म्यूजिक कंसर्ट हादसा: मशहूर गायिका समेत अब तक 184 ने तोड़ा दम, मलबे में अपनों को तलाश रहे लोग

**डोमिनिकन गणराज्य एजेंसी।** डोमिनिकन गणराज्य में नाइट क्लब हादसे के बाद लोगों के जीवित बचे होने की आस हो रही धूमिल सैंटो डोमिंगो, 10 अप्रैल (एपी) डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी सैंटो डोमिंगो में एक नाइट क्लब की छत गिरने की घटना में मृतकों की संख्या 184 पहुंच गई है। बचाव दलों ने बृहस्पतिवार को मलबे में जीवितों की तलाश जारी रखी, हालांकि अब उन्हें इस प्रयास में सफलता की उम्मीद कम ही है। डोमिनिकन गणराज्य के फोरेंसिक संस्थान के बाहर बुधवार देर रात दर्जनों लोग अपने प्रियजनों की तलाश में जमा हुए थे, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से वे हताश दिखे।

डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अस्पताल में भर्ती दो दर्जन मरीजों में से



कुछ की हालत अभी पूरी तरह ठीक नहीं है और आठ की हालत गंभीर है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ विक्टर अटल्ला ने कहा कि हादसा बहुत भयावह था और रोगियों की हालत को देखते हुए उन्हें बचाने के लिए अब बहुत समय नहीं है। सरकार ने बुधवार रात कहा कि वह शव तलाशने में जुटी है, लेकिन आपातकालीन अभियान केंद्र के निदेशक जुआन मैनुअल मेंडिज ने कहा कि मौके पर मौजूद बचावकर्मी अब भी जीवित लोगों के मिलने की आस में प्रयासरत हैं लेकिन मंगलवार शाम से कोई भी जीवित नहीं मिला है। बुधवार देर रात अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की संख्या कम से कम 184 पर पहुंच गई है, जबकि घटना में दर्जनों लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार सैंटो डोमिंगो का मशहूर जेट सेट नाइट क्लब सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात गायकों, संगीत प्रेमियों, एथलीट और सरकारी अधिकारियों से खचाखच भरा हुआ था। उन्होंने कहा कि मंच पर मेरेंग्यू गायिका रूबी पेरेज प्रस्तुति दे रही थीं, तभी नाइट क्लब की छत से सीमेंट झड़ने लगा और देखते ही देखते पूरी छत ढह गई। आपातकालीन अभियान केंद्र के निदेशक मैनुअल मेंडीज ने बताया कि मृतकों में पेरेज भी शामिल हैं।

# चीन ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन ने अमेरिका की यात्रा करने वाले अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय ने बुधवार को एक ट्रैवल एजवाइजरी में चीनी नागरिकों से कहा कि वे अमेरिका जाने से पहले वहां के हालात का पूरा आकलन करें। इसमें कहा गया है कि अमेरिका में सुरक्षा की स्थिति और चीन-अमेरिका के बिगड़ते व्यापारिक रिश्तों के कारण यात्रा जोखिम भरी हो सकती है।

इसके अलावा चीन के शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों के लिए एक अलग चेतावनी जारी की है। इसमें छात्रों को अमेरिका जाने से बचने की सलाह दी गई है, क्योंकि उन्हें



वहां वीजा, कागजी कार्रवाई, या कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि टैरिफ को लेकर चीन और अमेरिका आमने-सामने आ गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ने चीन के सामानों पर 125प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। वहीं, चीन ने अमेरिका के सामानों पर 84प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की है।



# मोल्ड टॉक्सिसिटी क्या है? जानें सेहत के लिए यह कैसे है खतरनाक

**घरों में नमी के कारण दीवार पर फंगस जमा हो जाते हैं, इसके कारण होने वाली समस्याओं को मोल्ड टॉक्सिसिटी कहते हैं।**

हाइजीन की कमी, बैक्टीरिया और फंगस की वजह से शरीर बीमारियों की चपेट में आ सकता है। घरों में सफाई न होने, नमी या सीलन बनी रहने के कारण भी आप फंगस के संपर्क में या सकते हैं। इसकी वजह से कई गंभीर समस्याओं का खतरा भी रहता है। अक्सर घर के किचन, बाथरूम, सिंक आदि के पास दीवार में नमी हो जाती है। इसकी वजह से दीवार पर सफेद या गहरे रंग के झाग जैसे फाहे जम जाते हैं। यह एक तरह का नुकसानदायक कवक और बैक्टीरिया होता है, जिसकी वजह से गंभीर समस्याओं का खतरा रहता है। इसी को मोल्ड टॉक्सिसिटी कहते हैं।

## मोल्ड टॉक्सिसिटी के लक्षण

मोल्ड एक प्रकार का कवक होता है जो सतहों पर विकसित होता है, जैसे कि फसल, कागज, दीवार या जमीन। यह आमतौर पर गर्म और आर्द्र के कारण होता है और इसकी वजह से कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। मोल्ड के संपर्क में आने से कई तरह की एलर्जी और इन्फेक्शन का खतरा रहता है। इसकी वजह से नाक, कान और गले में गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। मोल्ड टॉक्सिसिटी के कुछ प्रमुख लक्षण इस तरह से हैं-

### सांस लेने में दिक्कत

यह एक सामान्य लक्षण है जो मोल्ड टॉक्सिसिटी होने पर दिखता है। व्यक्ति को आसानी से सांस लेने में कठिनाई हो सकती है और सांस लेने के दौरान गले में खराश या कफ भी हो सकता है।

### नाक से जुड़ी दिक्कतें

जलवायु और वायरल संक्रमण की तरह, मोल्ड टॉक्सिसिटी होने पर भी नायक से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसमें नाक में खुजली, जलन, और बंद नाक शामिल हो सकते हैं।

### स्किन से जुड़ी समस्याएं

मोल्ड टॉक्सिसिटी के कारण व्यक्ति को स्किन पर छाले, चकत्ते, खुजली, दानें आदि हो सकते हैं।

### पेट से जुड़ी समस्या

मोल्ड टॉक्सिसिटी के कारण पेट में दर्द, अपच और बदहजमी जैसी समस्याओं का खतरा भी रहता है।

## रिस्क फैक्टर

मोल्ड टॉक्सिसिटी के कारण मरीज को इन गंभीर खतरों का सामना करना पड़ सकता है-

### एलर्जिक रिएक्शन

बहुत से लोग मोल्ड टॉक्सिसिटी होने पर एलर्जिक रिएक्शन का सामना कर सकते हैं, जो नाक, गला, और आंतरिक सिस्टम में खराबी का कारण बनता है।

### अस्थमा

मोल्ड टॉक्सिसिटी वाले व्यक्तियों में अस्थमा का खतरा बढ़ सकता है, जिसमें सांस लेने में कठिनाई और सांस लेने की क्षमता में कमी होती है।

### फेफड़ों से जुड़ी समस्या

मोल्ड टॉक्सिसिटी अगर लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसकी वजह से फेफड़ों से जुड़ी गंभीर समस्याओं का खतरा रहता है।

### मानसिक समस्याएं

लंबे समय तक के मोल्ड एक्सपोजर के बाद, व्यक्ति में चिंता, डिप्रेशन, या अन्य मानसिक समस्याएं भी हो सकती हैं।



## मोल्ड टॉक्सिसिटी से बचाव

मोल्ड टॉक्सिसिटी से बचाव के लिए आपको इन चीजों का ध्यान रखना चाहिए-

- घर में साफ-सफाई रखें
- सीलन वाली जगहों का विशेष ध्यान दें
- नमी दूर करने के लिए धूप और हवा आने की व्यवस्था करें
- नियमित रूप से दीवारों और घर की सफाई करें

मोल्ड टॉक्सिसिटी से बचने के लिए हाइजीन का ध्यान रखना चाहिए। साफ-सफाई और नमी को दूर करने से आप मोल्ड टॉक्सिसिटी का शिकार होने से बच सकते हैं। मोल्ड टॉक्सिसिटी के लक्षणों को नजरअंदाज करने के बजाय डॉक्टर से संपर्क करें।





# क्या गर्मियों में काली मिर्च का पानी पी सकते हैं?

**अधिकतर भारतीय घरों में काली मिर्च का उपयोग मसाले के रूप में किया जाता है। काली मिर्च खाने को स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाती है। इसके अलावा, काली मिर्च का उपयोग लोग काढ़े के लिए भी करते हैं। आपको बता दें कि काली मिर्च की तासीर बेहद गर्म होती है। इसलिए अधिकतर लोग गर्मियों में काली मिर्च का अधिक मात्रा में सेवन करने से परहेज करते हैं। क्या गर्मियों में काली मिर्च का पानी पी सकते हैं?**

काली मिर्च की तासीर बेहद गर्म होती है। इसलिए आपको काली मिर्च का पानी पीने से बचना चाहिए। वैसे तो किसी भी मौसम में काली मिर्च का पानी नहीं पीना चाहिए। लेकिन गर्मियों में तो काली मिर्च के पानी से पूरी तरह परहेज करना चाहिए। गर्मियों में काली मिर्च का पानी पीने से शरीर में गर्मी बढ़ सकती है। यह कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बन सकता है। यानी काली मिर्च का पानी सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक होता है। इसका सीधे तौर पर सेवन करने से बचना चाहिए।

## गर्मियों में काली मिर्च का सेवन कैसे करें?

गर्मियों में काली मिर्च का सेवन सीधे तौर पर या अधिक मात्रा में बिल्कुल नहीं करना चाहिए। आप काली मिर्च के पाउडर को किसी पेय पदार्थ के साथ ले सकते हैं। आपको बता दें कि आप काली मिर्च को खीरा, पुदीना, नींबू या सत्तू के पानी के साथ मिलाकर ले सकते हैं। इसके लिए आप काली मिर्च का पाउडर बनाएं। इसे पेय पदार्थ में मिक्स करें और पी लें। इस तरह से काली मिर्च का सेवन करने से शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। इससे शरीर को एनर्जी मिलेगी और गर्मी भी नहीं बढ़ेगी।

## गर्मियों में काली मिर्च खाने के नुकसान

- गर्मियों में काली मिर्च का सेवन करने से पेट में गर्मी बढ़ सकती है।
- काली मिर्च पेट में जलन या दर्द का कारण बन सकती है।
- इसके अलावा, अगर गर्मियों में काली मिर्च का सेवन किया जाए, तो इससे एसिडिटी या सीने में जलन भी हो सकती है।
- काली मिर्च का अधिक मात्रा में सेवन करने से त्वचा पर मुंहासे निकल सकते हैं।
- इससे त्वचा पर खुजली और रेडनेस की समस्या भी हो सकती है।
- आपको भी गर्मियों में काली मिर्च का सेवन सीधे तौर पर नहीं करना चाहिए। आप किसी पेय पदार्थ के साथ काली मिर्च का पाउडर ले सकते हैं।

# ओलंपिक में 128 साल बाद क्रिकेट की वापसी; छह टीमें हिस्सा लेंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्रिकेट 128 साल के अंतराल के बाद 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में वापसी करेगा। इसको लेकर आयोजकों ने बुधवार को बड़ा एलान किया। लॉस एंजिलिस ओलंपिक के आयोजकों ने इस बहुराष्ट्रीय आयोजन में क्रिकेट के लिए टीमें तय कर दी हैं। महिला और पुरुष दोनों श्रेणी में छह-छह टीमें हिस्सा लेंगी। मैच टी20 प्रारूप में खेले जाएंगे। छह टीमें स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के लिए टक्कर लेती दिखेंगी।




## साल 1900 में क्रिकेट ओलंपिक का हिस्सा था

पिछली बार क्रिकेट साल 1900 में पेरिस ओलंपिक का हिस्सा रहा था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के बीच दो दिवसीय मुकाबला खेला गया था। अब इसे अनाधिकारिक टेस्ट के रूप में गिना जाता है। हालांकि, लॉस एंजिलिस ओलंपिक में छह टीमें टी20 प्रारूप में खेलती दिखेंगी। इतना ही नहीं आयोजकों ने एक टीम में अधिकतम खिलाड़ियों की संख्या भी तय की है। आयोजकों ने कहा है कि एक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे। पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में अधिकतम 90 खिलाड़ियों का कोटा तय किया गया है। यानी छह टीमों को मिलाकर अधिकतम 90 खिलाड़ी होंगे।

## आईसीसी के 12 नियमित सदस्य

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल के फिलहाल 12 नियमित और 94 सहयोगी सदस्य हैं। नियमित सदस्यों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे की टीमें हैं। हालांकि, 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रक्रिया के बारे में अब तक नहीं बताया गया है। इसमें अमेरिका का खेलना तय माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें मेजबान कोटे का फायदा मिलेगा। इसका मतलब होगा कि अमेरिका के अलावा पांच और टीमें हिस्सा ले सकेंगी और उन्हें क्वालिफिकेशन प्रक्रिया से गुजरना होगा।

## पांच खेलों को शामिल किया गया

क्रिकेट उन पांच नए खेलों में शामिल है, जिन्हें लॉस एंजिलिस ओलंपिक में जगह दी गई है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ ने इन पांच खेलों के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शामिल किए जाने की पुष्टि साल 2023 में की थी। क्रिकेट के अलावा इनमें बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रॉस और स्क्वॉश शामिल हैं।

# आर्चर की 147 की रफ्तार की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए गिल, फैंस ने किया ट्रोल

**अहमदाबाद, एजेंसी**

आईपीएल 2025 में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स का सामना गुजरात टाइटंस से हुआ। अहमदाबाद में खेले गए इस मुकाबले में गुजरात ने राजस्थान को 58 रन से हरा दिया। इस मैच में कई दिलचस्प पल देखने को मिले। ऐसे ही दो दिलचस्प पल के बारे में आपको बता रहे हैं, जो इस मैच में चर्चा विषय रहा। राजस्थान के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की इन स्विंग गेंद पर क्लीन बोल्ड होने के बाद शुभमन गिल को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल किया जा रहा है। वहीं, रियान पराग के विकेट ने सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा कर दिया है। फैंस दो हिस्सों में बंट गए हैं। कुछ का कहना है कि वह आउट थे, जबकि कुछ का कहना है कि वह आउट नहीं थे और अंपायर के गलत फैसले का शिकार हुए। पराग का विकेट टर्निंग पॉइंट भी साबित हुआ और 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम 19.2 ओवर में 159 रन पर सिमट गई।

**आर्चर ने गिल को किया क्लीन बोल्ड**

गुजरात की टीम ने पहले बल्लेबाजी की। तीसरे ओवर की पहली गेंद पर आर्चर ने 147.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से इनस्विंग गेंद फेंकी। गिल ने गेंद की लाइन को पूरी तरह मिस किया और गेंद ने ऑफ स्टंप को उखाड़ दिया। गिल को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया। फैंस ने कहा कि आर्चर जैसे क्वालिटी गेंदबाज के खिलाफ गिल लगातार वही गलती कर रहे हैं। आर्चर के खिलाफ आईपीएल में गिल के आंकड़े भी खराब हैं। उन्होंने इस लीग में आर्चर का पांच पारियों में सामना किया है और इस दौरान 15 गेंदें खेली हैं। इस पर वह 10 रन ही बना सके हैं। आर्चर ने इस दौरान गिल को तीन बार आउट किया है। आर्चर के खिलाफ आईपीएल में गिल का औसत 3.3 का और स्ट्राइक रेट 66.6 का है।

**पराग के आउट होने पर विवाद**



**रियान पराग के विकेट को लेकर विवाद**

ये कम नहीं था कि राजस्थान की पारी के दौरान एक और घटना ने दर्शकों का ध्यान बटोरा। दरअसल, इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान ने तीन ओवर के अंदर 12 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। यशस्वी जायसवाल छह रन और नीतीश राणा एक रन बनाकर आउट हो चुके थे। इसके बाद कप्तान सैमसन ने रियान पराग के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए साझेदारी करने की कोशिश की। सातवें ओवर में एक वक्त राजस्थान ने दो विकेट गंवाकर 60 रन बना लिए थे। सैमसन और पराग के बीच 48 रन की साझेदारी हो चुकी थी, लेकिन तभी कुलवंत खेजरोलिया की एक गेंद पराग के बल्ले के पास से होकर विकेटकीपर बटलर के ग्लव्स में गई। गेंदबाज के अपील करने पर पराग को आउट दिया गया।

इस पर पराग ने डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) का इस्तेमाल किया। उनका थर्ड अंपायर के पास जाने का फैसला चौंकाने वाला था क्योंकि पराग तब साफ तौर पर आउट दिख रहे थे। रिप्ले में दिखा कि जब गेंद बल्ले के पास से गुजरी तो स्नीकोमीटर पर स्पाइक दिखे (हलचल दिखी)। हालांकि, उसी समय बल्ले ने जमीन को भी हिट किया था। थर्ड अंपायर ने भी फील्ड अंपायर के फैसले को जारी रखा। इस पर पराग नाराज हो गए और उन्होंने अंपायर से बहस भी की।

## गिरगिट है तुम्हारा आराध्य देव, लाइव मैच में भिड़े सिद्धू और रायुडू

**मुल्लांपुर।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के हाथों 18 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में धोनी बल्लेबाजी के लिए आए लेकिन 27 रन बनाकर आउट हो गए। वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। अब इस मैच से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू और अंबाती रायुडू के बीच बहस होती दिख रही है। इस दौरान सिद्धू ने कुछ ऐसा कह दिया जिसको अब प्रशंसक धोनी से जोड़ रहे हैं।

पंजाब के खिलाफ मैच में धोनी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए थे। जब दिग्गज बल्लेबाज डगआउट से निकले तो कमेंट्री पैनल में मौजूद नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा, धोनी आज भागते हुए आ रहे हैं। इस बार इंटेंट तो उनके कदमों से ही साफ दिख रहा है। इस पर अंबाती रायुडू ने कहा, जी हां बिल्कुल! धोनी की चाल देखिए, बल्ला नहीं, तलवार लेकर आ रहे हैं। आज धोनी तलवार चलाएंगे।

# गांव गांव जा कर ली जाने वाली जन चौपाल का असर लगा दिखने

**रंजीत टाइम्स**

लोग हो रहे जागरूक,लगवा रहे कैमरे, साइबर फ्राड के कॉल आते ही दे रहे समझदारी का परिचय, अपराधों पर लग रहा अंकुश। "पुलिस चौपाल"के माध्यम से हाटपीपल्या पुलिस द्वारा लगातार जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं के समाधान एवं अपराधों से बचाव हेतु की जा रही जागरूकता के परिणाम अब दिखने लगे है इसकी पुष्टि ग्राम चासिया,घुसट,नानूखेड़ा,बढ़ियामांडु,ग्रीनपार्क कॉलोनी हाटपीपल्या आदि में लोगों द्वारा लगवाए जा रहे कैमरों से की जा सकती है, जनता द्वारा आपसी सहयोग से ग्राम व कॉलोनी की सुरक्षा हेतु लगातार गली मोहल्लों में कैमरे लगवाए जा रहे है जनता के अतिरिक्त ग्राम पंचायतें (सरपंच व सचिव) भी पुलिस के ऑपरेशन त्रिनेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देकर ग्राम सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। थाना प्रभारी हाटपीपल्या सुजावल जग्गा(प्रोबेशनर आईपीएस) व बीट अधिकारी तथा अन्य पुलिस स्टाफ द्वारा लगातार जनता के बीच भौतिक रूप के अतिरिक्त सोशल मीडिया (वाट्सअप / इंस्टाग्राम/फेसबुक आदि) के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कर सोशल पुलिसिंग की जा रही रही है जिससे जनता और पुलिस के बीच की दूरियां कम हो कर अपराध को घटित होने से पहले ही रोके जाने में मदद मिल रही है, पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद ने बताया कि जिलेवासियों द्वारा "पुलिस चौपाल" पहल को अत्यंत सकारात्मक दृष्टिकोणसे देखा जा रहा है। गली-मोहल्लों और गांवों में पुलिस टीम की उपस्थिति से जनता प्रसन्न है। जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है,और पुलिसिंग कार्य प्रणाली भी दिन-प्रतिदिन बेहतर हो रही है। पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि आगामी दिनों में पुलिस और जनता के बीच समन्वय एवं सहभागिता को सुदृढ़ करने हेतु "पुलिस चौपाल" का आयोजन निरंतर जारी रहेगा।

# एमपी में 33 हजार करोड़ से बनेंगे 5 इकोनॉमिक कॉरिडोर

## ● गडकरी बोले-दो साल में यहां के नेशनल हाईवे अमेरिका से अच्छे बनेंगे

भोपाल। मध्यप्रदेश में 33 हजार करोड़ की लागत से 5 ग्रीनफील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर बनेंगे। ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी पर विश्वस्तरीय आइकोनिक ब्रिज बनाया जाएगा।

इसके अलावा 1200 करोड़ की लागत से 6 रोप भी बनाए जाएंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने धार के बदनावर में गुरुवार को ये घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा, मैं इस बात का विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आने वाले दो साल के अंदर मध्यप्रदेश का नेशनल हाईवे नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा बनेगा। मैं जो बात



करूंगा, वो डंके की चोट पर पूरी करके दूंगा। गडकरी ने कहा- हम मध्यप्रदेश में सालभर में 3 लाख करोड़ रुपए का इंफ्रास्ट्रक्चर का काम पूरा करके देंगे। केवल रोड नहीं बनेंगे। दिल्ली-मुंबई से आप जुड़ जाएंगे तो जमीनों की कीमत बढ़ जाएगी। इंडस्ट्री आएगी, इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनेंगे, गोडाउन बनेंगे। रोजगार मिलेगा तो गरीबी-भुखमरी से मुक्ति मिलेगी। इससे पहले गडकरी ने रिमोट दबाकर बदनावर-उज्जैन फोरलेन का लोकार्पण किया। 1352 करोड़ लागत से तैयार इस फोरलेन का निर्माण भारत माला के तहत किया गया है।

**सीएम ने कहा- बीजेपी ने सड़कों का काला अतीत खत्म किया-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- ये बदलते दौर का मध्यप्रदेश है। आज जिस तरह से सड़क कनेक्टिविटी बढ़ रही है, उसने सड़कों का काला अतीत खत्म किया है। ये काम बीजेपी सरकार ने कर दिखाया है। बदनावर-उज्जैन फोरलेन बनने से गुजरात के साथ अन्य राज्यों के लिए आने-जाने में आसानी होगी। सीएम ने कहा- आने वाले सिंहस्थ में हम ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं कि उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं आएगी। 18 हजार करोड़ से 687 किलोमीटर लंबा इंदौर-हैदराबाद एक्सप्रेस वे मार्च 2026 में पूरा हो जाएगा। 27 करोड़ की लागत से 138 किलोमीटर लंबा उज्जैन से गरोठ फोरलेन ग्रीनफील्ड हाईवे के पहले चरण का काम जुलाई तक पूरा हो जाएगा। 11,500 करोड़ की लागत से भोपाल से कानपुर सिक्सलेन इकोनॉमिक कॉरिडोर मार्च 2027 में पूरा हो जाएगा। जबलपुर-दमोह फोरलेन का पहला चरण जुलाई में शुरू होगा। 1500 करोड़ से 80 किलोमीटर सतना-चित्रकूट रोड का काम मार्च 2026 के पहले शुरू हो जाएगा।

# भारत लाया गया मुंबई हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर

## ● एनआईए की टीम लेकर पहुंची, सीधे हेडक्वार्टर पहुंचाया ● राणा तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा दिल्ली पहुंच चुका है। तहव्वुर राणा को अमेरिका से एनआईए की 7 सदस्यीय टीम दिल्ली लेकर पहुंची है। दिल्ली एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वह यहां पहुंचा। तहव्वुर राणा का मेडिकल कराया जाएगा और फिर एनआईए उसे कोर्ट में पेश करेगी। राणा को अमेरिका से भारत लाए जाने के बाद तिहाड़ जेल के हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जा सकता है। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 64 साल का तहव्वुर राणा दिल्ली की तिहाड़ जेल में एक हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि आतंकवादी को रखने के लिए जेल में सभी आवश्यक तैयारियां पहले ही कर ली गई हैं। तहव्वुर राणा साल 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य



साजिशकर्ताओं में से एक डेविड कोलमेन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। राणा को लेकर एक विशेष चार्टर्ड विमान बुधवार (9 अप्रैल) को अमेरिका से भारत के लिए रवाना हुआ था। 2008 के आतंकी हमले में 166 लोग मारे गए थे।

● **ट्रंप की हरी झंडी के बाद मिली कामयाबी-** डेविड कोलमेन हेडली का सहयोगी होने के अलावा, ऐसा माना जाता है कि राणा के पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ करीबी संबंध थे। राणा के प्रत्यर्पण की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्हाइट हाउस दौरे के दौरान की थी। इसके बाद राणा ने सुप्रीम कोर्ट में प्रत्यर्पण को रोकने की कोशिश की, लेकिन अब उसकी सभी कानूनी अपीलों को खारिज कर दिया गया है।

# केरल में पॉक्सो केसों की जांच अब स्पेशल पुलिस करेगी

## 304 नए पदों के साथ डेडिकेटेड विंग बनाने को मिली मंजूरी, 40 सब-इंस्पेक्टर और 4 डीएसपी होंगे

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल में बच्चों से यौन अपराध के मामलों की जांच अब पुलिस की एक खास टीम करेगी। बुधवार को केरल सरकार की कैबिनेट ने इसके लिए एक डेडिकेटेड विंग बनाने की मंजूरी दे दी। इस स्पेशल यूनिट में कुल 304 नए पद तैयार होंगे। इनमें 4 डिप्टी एसपी और 40 सब-इंस्पेक्टर शामिल हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, ये टीम सिर्फ पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों की जांच करेगी। सरकार का मकसद इन मामलों में तेजी से और सही जांच करना है, ताकि पीड़ितों को जल्दी न्याय मिले।




# कर्नाटक में एक घर में मिला 500 के नोटों का जखीरा

## असली-नकली करेंसी की जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में उत्तर कन्नड़ पुलिस के साथ अजीबोगरीब वाकया हुआ। पुलिस ने एक गोपनीय सूचना पर दांडेली के गांधीनगर इलाके में मकान के बंद किराए में छापा मारा, तो पुलिस को मौके पर 500 के नोटों का एक बड़ा जखीरा मिला। वहां पर एक नोटों की गिनती की वाली मशीन भी मिली, लेकिन अगले ही पल जब पुलिस ने इन नोटों को गौर से देखा तो पता चला कि इन पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की जगह पर रिवर्स बैंक ऑफ इंडिया लिखा हुआ था। नोट के नंबर के स्थान पर जीरो अंकित था। आरबीआई गवर्नर के हस्ताक्षर भी नहीं थे। कर्नाटक पुलिस ने देखा कि इन नोटों पर लिखा हुआ था सिर्फ मूवी शूटिंग के लिए।



# इंदौर में स्वर्ण रथ पर सवार हुए भगवान महावीर

## ● भोपाल में बच्चों ने बजाए ढोल-नगाड़े, उज्जैन में महिलाओं ने खींचा रथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में गुरुवार को महावीर जयंती का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इंदौर सहित प्रदेश के तमाम बड़े शहरों और जैन तीर्थ स्थलों पर शोभायात्राएं निकाली जा रही हैं। प्रदेश के पांच बड़े जैन तीर्थ स्थलों पर धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। सभी शहरों में दिगंबर और श्वेतांबर समाज ने अलग-अलग रथयात्रा निकाली हैं। इंदौर में श्वेतांबर जैन समाज ने सुबह राजवाड़ा से रथयात्रा निकाली। 108 युवाओं ने चांदी का रथ खींचा। यात्रा में पंजाब और कर्नाटक की नृत्य मंडली शामिल हुई। इस दौरान महावीर बाग के पास जाम लग गया। उज्जैन में



श्वेतांबर-दिगंबर समाज का सामूहिक जुलूस निकला, जिसमें चांदी की वेदी जी में प्रभु को विराजमान कर समाजजन अपने कांधे पर उठाकर निकले। जुलूस में महिलाओं ने भगवान का रथ खींचा। भोपाल के लालघाटी स्थित जैन नगर में महावीर जयंती पर जैन समाज ने शोभायात्रा निकाली। इसमें सबसे आगे ढोल-नगाड़े लिए बच्चे यात्रा को साथ लिए चल रहे हैं। शिवपुरी में महावीर जयंती पर आयोजित शोभायात्रा में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हुए। शोभायात्रा में सिंधिया ने आरती की जैन समाज के युवाओं द्वारा बजाए जा रहे पारंपरिक ढोल को खुद भी बजाया। प्रदेश में जैन समाज के 5 बड़े तीर्थ स्थल है। इनमें बैतूल में मुक्तागिरि, बड़वानी में बावनगजा, इंदौर में गोम्मटगिरि, दमोह में कुंडलपुर और धार का मोहनखेड़ा शामिल हैं। यहां भी महावीर जयंती पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना पहले से थी। खरगोन में सकल जैन समाज ने पालकी में भगवान को विराजित कर शोभायात्रा निकाली।

# विवादित जगह पर सामुदायिक झंडा फहराने से तनाव

## ● मणिपुर में दो जनजातियों के बीच विवाद बढ़ा, 17 अप्रैल तक कर्फ्यू

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में दो जनजातियों के बीच हुए विवाद की वजह से बुधवार को 17 अप्रैल तक कर्फ्यू लगाया गया। जोमी और हमार जनजाति के बीच मंगलवार को विवादित जगह पर अपने-अपने समुदाय के झंडे फहराने को लेकर तनाव पैदा हो गया था। यह विवादित जगह वी मुनहोइह और रेंगकाई गांवों के बीच है। वी मुनहोइह और रेंगकाई के साथ ही कांगवाई, समुलामलान और संगाइकोट में भी कर्फ्यू लगाया गया है। हालांकि, इन इलाकों में सुबह 6 बजे से 5 बजे शाम तक कर्फ्यू में छूट दी गई है। बुधवार को कलेक्टर ने दोनों गांवों के लोगों की बैठक ली। इस दौरान दोनों समुदायों ने कहा कि यह विवाद जातीय नहीं जमीन का है। बैठक में लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहें न फैलाने की अपील की गई। इससे पहले



दोनों जनजातियों के बीच 18 मार्च को झंडा हटाने को लेकर हिंसा हुई थी। इस हिंसा में हमार जनजाति के रोपुई पाकुमटे नामक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए थे। पिछले 16 मार्च को रविवार देर शाम हमार जनजाति के नेता रिचर्ड हमार पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया था। रिचर्ड अपनी गाड़ी चला रहे थे, जो एक दोपहिया सवार से टकराने से बची। इससे रिचर्ड की दोपहिया वाहन सवार युवकों से कहासुनी हो गई। जो बाद में इतनी आगे बढ़ गई कि दूसरे पक्ष ने रिचर्ड पर हमला कर दिया। 17 मार्च को इलाके में तनाव बढ़ने के बाद हमार जनजाति के लोगो ने सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी करना शुरू कर दिया। स्थिति को संभालने के लिए सुरक्षाबलों ने उपद्रवियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े और हवाई फायरिंग की। इसके बाद इलाके में कर्फ्यू लगा दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 3-4 अप्रैल को लोकसभा में कहा था कि दिसंबर से मार्च तक बीते चार महीनों से मणिपुर में कोई हिंसा नहीं हुई है। राहत कैंपों में खाने-पीने, दवाइयों और मेडिकल सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। अमित शाह ने कहा- हाईकोर्ट के एक फैसले के बाद मणिपुर में दो समुदायों के बीच विवाद के कारण जातीय हिंसा शुरू हुई।

# तहव्वुर राणा के भारत पहुंचने से घबरा गया है पाकिस्तान

## डर के मारे मुंबई हमले के साजिशकर्ता से झाड़ा पल्ला

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** मुंबई में 26 नवंबर (26/11) 2008 के आतंकी हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की खबर सुनते ही पाकिस्तान घबरा गया है। हताशा में पाकिस्तान खुद को किसी तरह भी राणा से अलग करने की कोशिश में जुट गया है। पाकिस्तान में जन्मे तहव्वुर हुसैन राणा के भारत प्रत्यर्पण को लेकर पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की पहली प्रतिक्रिया में भी ये घबराहट सामने आई है। राणा के प्रत्यर्पण को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने उसे कनाडाई नागरिक बताया और उसका पाकिस्तान कनेक्शन होने से पल्ला झाड़ने की कोशिश की। पाकिस्तान विदेश विभाग ने एक वीडियो बयान में कहा कि तहव्वुर राणा ने पिछले दो दशकों में अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों का नवीनीकरण नहीं कराया है।

